राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू (राज.)

सत्ये सर्वं प्रतिष्ठम्

2005

# न्याय - मित्र

## सत्र 2021-22




## राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू

Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur
Recognised by UGC under Section 12(B) & 2(f)



विवेक बुद्धि प्राप्त करने हेतु माँ सरस्वती वन्दन




जेलों की स्थिति की जानकारी हेतु चूरू जिला कारागृह भ्रमण

# अब साइबर अपराध में महिलाएं अधिक शामिल : शर्मा

**पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट**



चूरू के विधि महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी।




चूरू के विधि महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में मंचस्थ अतिथि।

चूरू. @ पत्रिका. पुलिस के पूर्व महानिदेशक संजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध कारित करने में महिलाओं की भागीदारी अधिक है। वे फोन कर लोगों को अपने जाल में फंसा लेती हैं और बाद में ठगी का शिकार हो जाते हैं।

शर्मा ने ये बात विधि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइबर अपराध को लेकर आयोजित गोष्ठी में कही। शर्मा ने कहा कि साइबर अपराध हमारी थोड़ी सी चूक से हो जाता है। इसके लिए हमें जागरूक बनने की जरूरत है। हम चिंतित ना, घबराएं नहीं बल्कि ये जानने का प्रयास करें कि आखिर इससे बचा कैसे जाए। शर्मा ने कहा कि इस अपराध का शिकार अब वरिष्ठ नागरिक भी होने लगा है। क्योंकि साइबर अपराध करने वाले लोग इनको बहला-फुसलाकर इनको ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तकनीकी से डरने की जरूरत नहीं है। इससे सुरक्षित कैसे रहे। इस पर ज्यादा दिए जाने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि जो भी हम सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं तो उसमें सिक्योरिटी का ऑप्शन होता है। इसमें कइ तरह की जानकारियां मांगी जाती है लेकिन हम उस पर बिना फोकस किए एक्सेप्ट कर देते हैं। जिससे हमारी सारी सूचनाएं ऐसे लोगों के पास चली जाती है। इसके बाद साइबर अपराधी इसका दुरुपयोग कर ब्लैकमेल करने का काम करते हैं। उन्होंने साइबर अपराध के प्रकार बताए। मेटावर्स के बारे में भी शर्मा ने कहा कि इसमें व्यक्ति का ऐसा वर्चुअल अवतार तैयार कर दिया जाता है। जिससे ऐसा लगता है कि सही मायने में वही व्यक्ति है, लेकिन ऐसा होता नहीं है। उन्होंने डिजिटल एविडेंस में आए बदलाव की जानकारी दी। इससे पूर्व राजकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डा एसके सैनी ने शर्मा का जीवन परिचय दिया। मंच पर धीरज भी बैठे। अनिल, महावीर, हेमलता, देवीलाल, कमल आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

वर्तमान चुनौति का सामना करने के लिए साइबर अपराध पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

Justice Madan Gopal Vyas

Judge
Rajasthan High Court
Jodhpur

सत्यमेव जयते

दिनांक 28-06-2022

# शुभकामना संदेश

**"न्याय मित्र"** वार्षिक पत्रिका के सफलतापूर्वक दो संस्करणों के पश्चात् प्रकाशित होने जा रहे तृतीय संस्करण हेतु उसके सम्पूर्ण सम्पादक मण्डल व राजकीय विधि महाविद्यालय परिवार, चूरू को हार्दिक बधाई।

राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधिपति बनने के पश्चात् मुझे **"न्याय मित्र"** पत्रिका के बारे में जानकारी हुई। पूर्व में प्रकाशित दोनों संस्करण संग्रहणीय है। जन-साधारण को समझ में आने वाली सरल भाषा में शोधपूर्ण विशेषांक का अध्ययन सभी के लिए सार्थक व उपयोगी होगा। सामान्यतः पत्रिकाएं व्यावसायिक होती हैं, लेकिन **"न्याय मित्र"** पत्रिका ने व्यावसायिकता को प्राथमिकता न देकर विचारों को महत्व दिया है।

**"न्याय मित्र"** पत्रिका के प्रकाशित होने जा रहे तृतीय संस्करण की सफलता हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

धन्यवाद।

शुभेच्छु,

(मदन गोपाल व्यास)

डॉ. एस.के. सैनी
प्राचार्य,
राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू

शुचि त्यागी
आई.ए.एस.,

सत्यमेव जयते

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा विभाग
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ-7(4) (शुभकामना संदेश) अकाद/आकाशि/2021/408
दिनांक 14 जून, 2022

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू की वार्षिक पत्रिका **''न्याय मित्र''** का तृतीय संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक उन्नयन में महाविद्यालय की यह पत्रिका अत्यन्त लाभप्रद सिद्ध होगी। विद्यार्थियों में साहित्यिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रवादी सोच एवं रचनात्मक अभिरूचि जगाने में **''न्याय मित्र''** का यह अंक काफी उपयोगी होगा।

मैं महाविद्यालय द्वारा किये जा रहे इस सद्प्रयास एवं पुनीत कार्य की सराहना करती हूँ एवं वार्षिक पत्रिका **''न्याय मित्र''** के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

(शुचि त्यागी)

**Sidharth Sihag**, IAS
सिद्धार्थ सिहाग, आई.ए.एस.,
District Collector & District Magistrate
जिला कलक्टर एवम् जिला मजिस्टेट

सत्यमेव जयते

Phone/ दूरभाष : { Office/कार्यालय : 250806
Resi/निवास : 250805
Email : dm-chu-rj@nic.in
CHURU (Rajasthan)
चूरू (राजस्थान)

# संदेश

यह प्रसन्नता का विषय है कि राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू द्वारा वार्षिक पत्रिका **''न्याय मित्र''** का प्रकाशन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक उन्नयन में महाविद्यालय की यह पत्रिका अत्यन्त लाभप्रद सिद्ध होगी। विद्यार्थियों में साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक अभिरूचि जगाने में **''न्याय मित्र''** का यह अंक काफी सहायक होगा।

मैं महाविद्यालय द्वारा मार्गदर्शिका के सफल प्रकाशन हेतु किये जा रहे इस सद्प्रयास के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(सिद्धार्थ सिहाग)
जिला कलक्टर
चूरू

रेहाना रियाज चिश्ती
अध्यक्ष
राजस्थान राज्य महिला आयोग

सत्यमेव जयते

# संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष है कि राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका ''न्याय मित्र'' का तृतीय संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

आधुनिक शिक्षा प्रणाली में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता की बढ़ती मांग के आलोक में विधि महाविद्यालयों के शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक माहौल के संवर्धन हेतु ऐसी पत्रिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जो न केवल महाविद्यालय की मानवीय सम्पदा के विकास एवं सृजनात्मक शैली में संवर्द्धन करती है, अपितु भविष्य में उनके उ त्साहवर्द्धन का एक उपयोगी माध्यम भी है।

आशा है कि महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाली इस पत्रिका में रचनात्मकता के साथ–साथ समाजोपयोगी विधिक सामग्री का ऐसा समावेश होगा, जो समाज के हर तबके के लिए उपयागी सिद्ध हो सकेगी।

मैं संस्थान की इस वार्षिक पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

(रेहाना रियाज चिश्ती)

कार्यालय – लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर फोन : 0141–2779001, ई–मेल : rscw@rajasthan.gov.in
निवास – ''ब्लेसिंग'' शिव कॉलोनी, चूरू (राजस्थान)



## विद्या अधिष्ठात्री माँ सरस्वती को नमन

शुक्लाम् ब्रह्मविचार सार परमाम् आद्याम् जगद्व्यापिनीम्।
वीणा पुस्तक धारिणीम् अभयदाम् जाड्यान्धकरापाहाम्।।

हस्ते स्फाटिक मालिकाम् विदधतीम् पद्मासने संस्थिताम्।
वन्दे ताम् परमेश्वरीम् भगवतीम् बुद्धि प्रदाम् शारदाम्।।

जिनका रूप श्वेत है, जो ब्रह्म विचार की परम तत्व हैं, जो सब संसार में फैल रही हैं, जो हाथों में वीणा और पुस्तक धारण किये रहती हैं, अभय देती हैं, मूर्खता रूपी अंधकार को दूर करती हैं, हाथ में स्फाटिकमणि की माला लिये रहती हैं, कमल के आसन पर विराजमान होती हैं और बुद्धि देने वाली हैं, उन आद्या परमेश्वरी भगवती की वन्दना करता हूँ।



अच्छे अधिवक्ता
के गुण आत्मसात
करने हेतु
मूट-कोर्ट
मंचन





महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चित कर विकास प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रंगोली एवं अन्य कार्यक्रम







बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर आयोजित कार्यशाला



शरीर को निरोग रखने के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम

स्वच्छ पर्यावरण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम





वैकल्पिक विवाद निस्तारण केन्द्र का भ्रमण



स्वामी विवेकानन्द
जयन्ति पर
प्राचार्य महोदय
का युवाओं
को उद्‌बोधन

मानवीय कर्तव्य
निर्वहन हेतु
महाविद्यालय
में पक्षियों के
परीडें स्थापित
किये गये।





सघन
वृक्षारोपण




कॉलेज की
टॉपर छात्रा
परमा चौधरी
का सम्मान

कॉलेज में
सघन सफाई
अभियान का
शुभारम्भ करते
प्राचार्य महोदय






स्वतंत्रता
दिवस
समारोह

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

***WE, THE PEOPLE OF INDIA,*** *having solemnly resolved to constitute India into a* ***[1][SOVEREIGN, SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]*** *and to secure to all its citizens:*

***JUSTICE,*** *social, economic and political;*

***LIBERTY*** *of thought, expression, belief, faith and worship;*

***EQUALITY*** *of status and of opportunity; and to promote among them all*

***FRATERNITY*** *assuring the dignity of the individual and the [2][unity and integrity of the Nation];*

***IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY*** *this twenty –sixth day of November, 1949 do* ***HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.***

**GOVERNMENT LAW COLLEGE**
**CHURU (RAJASTHAN)**

VLP CHURU #7014257511